# सिवनी में आवारा मवेशियों की समस्या बनी गंभीर चुनौती

## आवारा मवेशियों ने बिछाया दुर्घटनाओं का जाल, प्रशासन केवल वीआईपी का गुलाम!

**सिवनी नवभारत। सिवनी शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा न केवल यातायात के लिए बाधा बना हुआ है, बल्कि यह आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। बाहुबली चौक, बस स्टैंड, बुधवारी बाजार, छिंदवाड़ा चौक और डूंडा सिवनी जैसे प्रमुख और व्यस्त इलाकों में मवेशियों का बीच सड़क पर बैठना या घूमना अब आम बात हो गई है।**



सिवनी शहर की प्रमुख सड़कों पर अब आवाजाही करना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। बाहुबली चौक, बस स्टैंड, बुधवारी बाजार, छिंदवाड़ा चौक और डूंडा सिवनी जैसे अति व्यस्त इलाकों में आवारा मवेशियों का झुंड हर पल मौत का साया बनकर मंडरा रहा है। सड़कों पर बेखौफ बैठे इन मवेशियों के कारण हर दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे न जाने कितने परिवार दर्द और आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं।

बसे बड़ा सवाल और व्यवस्था की विफलता यह है कि नगर पालिका का तथाकथित हाका गिरोह केवल सरकारी कार्यक्रमों और मंत्रियों के दौरों पर ही सक्रिय होता है।

अजीब विडंबना है कि जिस सड़क पर रोज़ाना आम नागरिक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है, वहां से मवेशियों को हटाने की जहमत नगर पालिका तब तक नहीं उठाती, जब तक कोई वीआईपी का आगमन न हो। जैसे ही शहर में किसी मंत्री का कार्यक्रम तय होता है, यह गिरोह रातों-रात सक्रिय होकर सड़कों को मवेशी मुक्त कर देता है।

बाहुबली चौक और बस स्टैंड जैसे व्यस्त इलाकों में इन मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं अब एक सामान्य बात हो गई हैं। हर दिन कोई न कोई दोपहिया सवार घायल हो रहा है, लेकिन प्रशासन की नींद तभी टूटती है जब किसी वीआईपी को सड़क साफ चाहिए होती है। यह दोगली कार्यप्रणाली अब बर्दाश्त से बाहर होती जा रही है।

### सड़कों पर बिछा है हादसों का जाल

अंधे मोड़ और आवारा पशु- बस स्टैंड और छिंदवाड़ा चौक पर मवेशियों के झुंड के कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहन टकरा जाते हैं। सबसे अधिक शिकार बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक हो रहे हैं, जो मवेशियों से टकराकर गंभीर चोटिल हो रहे हैं। जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए, तब तक प्रशासन का रुख उदासीन ही बना रहता है।

### राहगीर होते हैं परेशान

सिवनी प्रशासन का यह दोहरा रवैया अब जनता के सब्र का इम्तिहान ले रहा है। क्या हमें सुरक्षित रहने के लिए भी किसी मंत्री के आने का इंतजार करना होगा? नगर पालिका को यह जवाब देना ही होगा कि यह दिखावा कब बंद होगा और कब आम नागरिकों को मवेशी-मुक्त सड़कें नसीब होंगी?

### स्थाई समाधान चाहिए

नगर पालिका को यह समझना होगा कि शहर की व्यवस्था दिखावे से नहीं चलती। यदि आप वीआईपी आने पर सड़कों को 24 घंटे में खाली कर सकते हैं, तो यह कार्य साल के 365 दिन क्यों नहीं हो सकता? सिवनी की जनता अब और इंतज़ार नहीं कर सकती। प्रशासन को अपनी कार्यशैली में सुधार लाना होगा। आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में शिफ्ट करना और उनके मालिकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करना ही एकमात्र समाधान है।

# दादा गुरु महाराज का आगमन 14 जुलाई को पलारी में

**सिवनी नवभारत।** पलारी के श्री हनुमान मंदिर में विगत वर्ष 9/9/25 से लगातार अखंड सुंदर कांड पाठ आयोजन जन सहयोग से किया जा रहा हे जो इस वर्ष 2026 में भी लगातार जारी हे उक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने अवधूत महायोगी नर्मदा जी के जल का सेवन कर अपनी दिनचर्या करने वाले श्री दादा गुरु का आगमन 14 जुलाई को हनुमान मंदिर प्रांगड़ खैरा पलारी में होने जा रहा हे सर्व प्रथम दादा गुरु 10 बजे कहानी में महाराज श्री का आगमन स्वागत वंदन के पश्चात 11 बजे धनौरा में स्वागत पुष्पवर्षा के बाद 11:30 बजे कुंडारि, मझगवां में स्वागत वंदन के बाद 12 बजे चिरचिरा में स्वागत वंदन अभिनंदन के बाद नवीन पलारी में स्वागत वंदनके बाद 12:30 बजे मेरा खेरा पलारी हनुमान मंदिर में पूजन अर्चना के बाद 1 बजे हाई स्कूल ग्राउंड में दादा गुरु द्वारा पौधा रोपड़ करने के उपरांत 1:30 बजे मंडी प्रांगड़ में हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित धर्म सभा में दादा गुरु को भव्य माला से स्वागत एवं उपस्थित भक्तों द्वारा चरण पूजन कर दादा गुरु के आशीर्वचनों का लाभ प्राप्त करेंगे।



धर्म सभा के उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन 3 बजे से किया जाएगा ओर दादा गुरु अल्प विश्राम के लिए गणेश सींगोंर के घर 3:20 पर पहुंचेगे ओर भक्त मंडल से भेंट करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार संतोष बंदेवार, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला कार्यकारी अध्यक्ष कपिल अवधिया, साथी प्रत्रकार देवेंद्र ठाकुर ने धर्म प्रेमी बंधुओं से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति होने का आग्रह किया हे।

### एक नजर में

#### वन संचार, साईकिल यात्रा और पौधरोपण कार्यक्रम कल

**सिवनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के लिए 12 जुलाई (रविवार) को वन संचार, वृक्षारोपण एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 7 बजे मठ मंदिर में सभी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा। इसके बाद साइकिल यात्रा मठ मंदिर से शीला देही वैष्णो देवी माता मंदिर तक निकाली जाएगी। आयोजकों ने नगर में निवासरत सभी स्वयंसेवक बंधुओं से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। सभी प्रतिभागी अपनी-अपनी साइकिल एवं दंड के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। वन संचार के दौरान वृक्षारोपण सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी तथा अभ्यास वर्ग भी संपन्न होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवकों के लिए राम खिचड़ी की व्यवस्था की गई है। आयोजन की जानकारी नगर कार्यवाह शिवेंद्र रिनायत द्वारा दी गई।

#### ग्राम बोरीकला में बिजली कटौती से आमजन परेशान

तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम बोरी कला पिछले 1 साल से बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहा है। विद्युत मंडल के अधिकारियों की अनदेखी के कारण 10.000 से ज्यादा ग्रामीणों का जीवन नरक बन गया है। 24 घंटे में सिर्फ मुश्किल से दिन में 5 घंटे और रात में 5 घंटे बिजली मिलती है, वो भी दिन भर में करीब 50 बार कट जाती है। गांव में लगे आधे से ज्यादा बिजली के खंभे टूट-फूट कर गिरने की हालत में हैं। कई जगह खंभे ही नहीं हैं, तारों को पेड़ों और घरों के सहारे लटकाकर करंट दिया जा रहा है। ऊपर से लोकल तार की डोरी जोड़कर अस्थायी कनेक्शन किए गए हैं। ग्रामीणों को हर समय करंट और शॉर्ट सर्किट का डर लगा रहता है। गांव में करीब 145 ट्रांसफॉर्मर लगे हैं, लेकिन ज्यादातर और कुछ बड़े हैं और कुछ छोटे है लेकिन पुराने हैं। कम क्षमता के कारण हर 10-15 मिनट में ट्रिपिंग, फ्यूज उड़ना और लो वोल्टेज की समस्या आम है। किसानों की सिंचाई रुक गई, बच्चों की पढ़ाई चौपट और रात में अंधेरे में घर वाले बैठने को मजबूर हैं। ग्रामीण पिछले 1 साल से लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन विद्युत मंडल के अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं।

# धारना मंडल में भाजपा की डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण बैठक आयोजित

**धारना नवभारत।** प्रदेश नेतृत्व एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार धारना मंडल की आवश्यक बैठक शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन में आयोजित हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी गोमती ठाकुर, जिला भाजपा द्वारा नियुक्त अतिथि राजेंद्र सिंह ठाकुर (पूर्व मंडल अध्यक्ष, बरघाट) तथा गंगेरूवा मंडल प्रभारी प्रीतपाल सिंह बघेल उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा का डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म केवल परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बदलते समय के अनुरूप कार्यकर्ताओं को स्वयं को लगातार अपडेट रखना आवश्यक है। गोमती ठाकुर ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को नई जानकारी और सीखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि संगठन ऐप के माध्यम से पार्टी के वीडियो देखने, विचारधारा एवं रीति-नीति को समझने तथा प्रश्नोत्तरी पूर्ण करने के बाद डिजिटल लर्निंग प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी बूथ समितियों एवं कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रमाण-पत्र प्राप्त करने तथा अन्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं पार्टी के पितृ पुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंडल अध्यक्ष हनुमत पंचेश्वर ने कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं संचालन किया, जबकि आभार प्रदर्शन पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष मुन्ना राहंगडाले ने किया।

बैठक में तुलसीदास बिसेन, तजेंद्र कटरे, राजेंद्र कटरे, बिहारसिंह ठाकुर, जागेश्वर पटले, जयकिशन खरे, ओमप्रकाश बोपचे, ज्ञानसिंह बोपचे, रंजिता बोपचे, दुर्गा प्रसाद राहंगडाले, सरोज राहंगडाले, लता काड़े, राजकुमार उक्के, बुधराम टांडे एवं दुर्योधन गौतम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# एएनएम संघ ने सीएमएचओ को सौंपा11 सूत्रीय मांगपत्र

**सिवनी नवभारत।** संयुक्त ए.एन.एम. एसोसिएशन (संविदा-नियमित कर्मचारी) संघ, जिला सिवनी ने जिला अध्यक्ष विमलेश शर्मा के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को 11 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर एएनएम कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

संघ ने बताया कि एएनएम कर्मचारियों को नियमितीकरण, वेतन विसंगति, पदोन्नति, प्रोत्साहन राशि, जोखिम भत्ता, पीबीआई राशि, आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की अनटाइड फंड राशि, हार्ड एरिया भत्ता तथा वाहन सुविधा सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मांगपत्र में अनमोल पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर करने और एएनएम पर अतिरिक्त कार्यभार कम करने की भी मांग की गई है।

इस दौरान जिला सचिव अंजू अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष सरोज बघेल सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। संघ ने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई कर एएनएम कर्मचारियों को राहत प्रदान करने की अपील की है।

# बरघाट में कथित धर्मांतरण मामले में विश्व हिन्दू परिषद ने कार्रवाई की मांग की



**बरघाट नवभारत।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बरघाट को एक ज्ञापन सौंपकर ग्राम दोदीवाड़ा में कथित धर्मांतरण गतिविधियों की जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम दोदीवाड़ा निवासी रामप्रसाद चौधरी अपने खेत से लौटा तो देखा कि मेरे घर में अनुसुइया कोमलवार, नीलिमा मेश्राम एवं अनुसुइया का दामाद बैठे हैं जो मेरी बहू अंजना चौधरी को बोल रहे हैं कि तुम ईसाई धर्म अपना लो जिससे तुम्हारे जोडो का दर्द व अन्य सभी समस्या दूर हो जाएगी व तुमको दो हजार रूपए महिना भी मिलेगा व धर्मांतरण के लिए खुद के घर चलने को बोल रही थी जिसके जानकारी मैंने गजानंद बिसेन व राजेंद्र बिसेन को दी व उनके साथ अनुसुइया कोमलवार के घर जा के देखा तो उसके घर में उनका दामाद ईशा मसीह की फोटो लेकर पूजा कर रहा है व गांव के भी दो अन्य लोग बैठे हैं ।यह लोग मेरी बहू को पैसा का लोभ देकर धर्म परिवर्तन करवाना चाह रहे थे जिसकी लिखित शिकायत रामप्रसाद चौधरी ने पुलिस थाना अरी में की है लेकिन आज तक इन तीनों लोगो पर एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है उल्टा अनुसुइया कोमलवार के आवेदन पर रामप्रसाद चौधरी व अन्य गांव के लोगों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग बरघाट ने नोटिस जारी किया जा रहा है जिसके कारण विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपकर अनुसुइया कोमलवार नीलिमा मेश्राम एवं अनुसुइया कोमलवार के दामाद पर प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करवाने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए न कि ग्राम के लोगों को परेशान किया जाए। अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल आंदोलन, भूख हड़ताल करेगा ज्ञापन में दिग्विजय सिंह राजपूत प्रांत धर्मप्रसार, रंजीत धुवें सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर है ।

# परिसीमन को लेकर सिवनी में चिंता, जिले को चार लोकसभा क्षेत्रों में बांटने की आशंका

**सिवनी नवभारत।** आगामी लोकसभा परिसीमन को लेकर सिवनी जिले में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। इसी बीच सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दावा किया जा रहा है कि प्रस्तावित परिसीमन में सिवनी जिले को चार अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में विभाजित किए जाने की संभावना है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक अधिसूचना या अंतिम निर्णय जारी नहीं हुआ है।

जारी बयान में कहा गया है कि यदि चर्चाओं और सूत्रों से मिल रही जानकारी सही साबित होती है, तो केवलारी विधानसभा को लांजी लोकसभा क्षेत्र, बरघाट विधानसभा को बालाघाट लोकसभा क्षेत्र, सिवनी एवं प्रस्तावित छपारा विधानसभा को पांढुर्णा लोकसभा क्षेत्र तथा घंसौर एवं लखनादौन विधानसभा को जबलपुर ग्रामीण (बरगी) लोकसभा क्षेत्र में शामिल किया जा सकता है।बयान में आशंका व्यक्त की गई है कि यदि ऐसा होता है तो सिवनी जिले की राजनीतिक पहचान और एकजुट प्रतिनिधित्व प्रभावित हो सकता है। वक्ता ने जिले की जनता से अपील की है कि परिसीमन प्रक्रिया को गंभीरता से लें और जब भी परिसीमन आयोग द्वारा दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएं, तब सक्रिय रूप से अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक दलों, सांसदों या विधायकों पर निर्भर रहने के बजाय आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, किसान संगठनों, युवा वर्ग तथा सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर सिवनी जिले के हित में अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि समय रहते जनमत तैयार नहीं किया गया तो बाद में बदलाव कराना कठिन हो सकता है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे परिसीमन से संबंधित आधिकारिक सूचनाओं पर नजर रखें और आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कराएं, ाकि सिवनी जिले के हितों की प्रभावी पैरवी की जा सके।

# जिला जेल में बंदियों के लिए टीबी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**सिवनी नवभारत।** जिला अस्पताल सिवनी की मेडिकल टीम द्वारा जिला जेल सिवनी में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन 9 जुलाई 2026 को किया गया, जिसमें 93 पुरुष एवं 15 महिला बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान टीबी की जांच के लिए सीवाई-टीबी टेस्ट, छाती का एक्स-रे तथा बलगम की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में जिला क्षय अधिकारी डॉ. जयज ककोड़िया के नेतृत्व में जिला अस्पताल की मेडिकल टीम ने बंदियों का परीक्षण किया। शिविर के दौरान जेलर अजय सिंह वर्मा, जेल मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभम शिवहरे तथा पैरामेडिकल स्टाफ भी उपस्थित रहा। शिविर का उद्देश्य बंदियों में टीबी रोग की समय पर पहचान कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना तथा जेल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना रहा।

## 32 व्यापारियों को नोटिस

**सिवनी।** वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग द्वारा समय पर जीएसटीआर-1 विवरण पत्र दाखिल नहीं करने वाले पंजीकृत व्यापारियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। निर्धारित समय-सीमा के बाद विवरण पत्र प्रस्तुत करने वाले 32 व्यापारियों को शास्ति (पेनाल्टी) संबंधी नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही उनसे नियमानुसार शास्ति की वसूली की कार्रवाई भी की जा रही है। विभाग ने बताया कि जीएसटी नियमों के अनुसार मासिक विवरण पत्र प्रस्तुत करने वाले पंजीकृत व्यापारियों के लिए प्रत्येक माह की 11 तारीख तक जीएसटीआर-1 दाखिल करना अनिवार्य है। जो व्यापारी लगातार विलंब से जीएसटीआर-1 एवं जीएसटीआर-3बी विवरण पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर कर अपवंचन की दृष्टि से परीक्षण किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे मामलों में नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। वहीं, लगातार विवरण पत्र दाखिल नहीं करने वाले करदाताओं के विरुद्ध उनके जीएसटी पंजीयन के निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है।

# किसानों की समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंचे किसान संघ के तहसील अध्यक्ष

**उगली नवभारत।** भारतीय किसान संघ अखिल भारतीय गैर राजनीतिक राष्ट्रवादी संघटन है, जो किसानों के हित में कार्य करता है. जिसके केवलारी तहसील के अध्यक्ष शिवप्रसाद ठाकुर चिखली निवासी आपके द्वारा विगत दिवस दिन मंगलवार को जिला कलेक्टर नेहा मीना के द्वारा तहसील केवलारी में आमजन को राहत देने के लिए जनसुनवाई शिविर लगाया गया था, इस शिविर में किसान संघ के द्वारा किसानों को होने वाली समस्याएं मुख्य रूप से समय पर नामांकन,सीमांकन ना होना जमीन का सीमांकन, किसी का नाम गलग है, बही में तो किसी का रकबा कम हो जाता है, संबधित पटवारियों को बताने पर टाल मटौल करते है, प्रत्येक गांव में कोटवार ही अपने आपको कलेक्टर समझते है, अत: खसरा नक्सा सुधरवाने के लिये कई चक्कर लगाना पडता है,फौती, नामंतरण उठाना आदि राजस्व संबंधित प्रकरणों के लिए किसानों को उगली से केवलारी का रुख करना पड़ता है अपने जायज कामों के लिए उगली मुख्यालय में उप तहसील उपलब्ध होने के बावजूद भी राजस्व संबंधित प्रकरणों के सुधार कार्य के लिए केवलारी जाना पड़ता है। यह समस्या किसानों के द्वारा पां. छपारा,सरेखा और उगली क्षेत्र के किसानों ने भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष को दी गई। कलेक्टर ने इस प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित एसडीएम केवलारी को दिशा निर्देश दिए और आगामी समय में केवलारी उप तहसील के अंतर्गत लोक सेवा केंद्र को सुचारू रूप से चालू करने के आदेश दिए



इसके बाद दूसरे दिवस रवि फसल मूंग, उड़द जो समर्थन मूल्य पर सरकार नहीं खरीदी मात्रा को लेकर भी भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष व पदाधिकारीयों ने केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

**लापरवाही** | गोंडवाना गणतंत्र पार्टी छपारा ने तहसीलदार को जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

# छपारा की ऐतिहासिक गढ़ी किला की दीवार को किसने ढहाया

**छपारा नवभारत।** गौंडवाना शासन काल मे बनी ऐतिहासिक धरोहर राजा राम सिंग शाह का किला जिसे गढ़ी के नाम से जाना जाता है प्राचीन काल का किला जिसे लगभग 200 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी राजा राम सिंग शाह गौडवाना शासक द्वारा बनवाए गए क़िला की दीवार अब तक खड़ी हुई हैं जहां जिला सिवनी पुरातत्वविभाग की लापरवाही एवं देखरेख नहीं किए जाने के परिणाम स्वरुप उक्त प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर लगातार जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचाया जा चुका है वहीं दूसरी ओर विगत दिनों नदी की ओर के हिस्से में किला की दोहरी बनी दीवारों में से बाहरी हिस्से की विशाल दीवार जो किले की सुरक्षा को लेकर एवं सैनिकों को शत्रुओं से बचने एवं हमला करने के लिए बनाई गई थी उसे तोड़ दिया गया जिसकी जानकारी छपारा ब्लाक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को लगी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा दिनांक 10 जुलाई को शाम 5 बजे तहसील कार्यालय छपारा में तहसीलदार सौरभ मरावी को ज्ञापन सोपा गया जिसमें ऐतिहासिक धरोहर घड़ी को नुकसान पहुंचने पर विरोध दर्ज कराया गया वहीं दूसरी ओर जिन अवस्था में पहुंच चुकी किले की दीवारों को मरम्मत किए जाने की भी मांग की गई है।





### प्रशासन करें जांच

वहीं दूसरी और दीवार को ढहाने का कार्य किसके द्वारा किया गया है और क्यों दीवार को गिरा दिया गया यह सवाल खड़े हो रहे हैं पूरे मामले पर प्रशासन के द्वारा मामले को जांच में ले लिया गया है गोंडवाना गणतंत्र पार्टी छपारा द्वारा ज्ञापन में चेताया गया है कि 10 दिनों में निष्पक्ष जांच एवं कार्यवाही नहीं प्रशासन के द्वारा की जाती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# एआईएसओ संगठन की प्रतिमाह निर्धारित बैठक आयोजित

**सिवनी नवभारत।** देशभर में पीएसीएल पर्ल्स निवेशकों के भुगतान हेतू विगत 11 वर्षों से निरंतर संघर्षरत संगठन आल इन्वेस्टर सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (एआईएसओ) सिवनी जिले के लखनादौन ब्लॉक कमेटी की प्रतिमाह 10 तारीख़ को निर्धारित बैठक श्री सिद्धबाबा मंदिर कॉलेज के पास लखनादौन में शुक्रवार को संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य रूप से लोढ़ा कमेटी द्वारा जारी सेबी पोर्टल में पीएसीएल के जिन निवेशकों का ऑनलाइन आवेदन करते समय बैंक त्रुटि होने के कारण उनका भुगतान नहीं हुआ है। जिसे लेकर संगठन द्वारा सेबी तथा लोढ़ा कमेटी से निरंतर प्रयास किए गए जिसके बाद लोढ़ा कमेटी द्वारा सेबी पोर्टल में 7 मई से 6 अगस्त तक पोर्टल खोला गया है जिसके माध्यम से पीएसीएल निवेशक अपने बैंक खाते की जानकारी पुनः अपडेट कर सकते हैं। जिसकी संपूर्ण जानकारी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव श्याम कुमार सोनी द्वारा बैठक में उपस्थित संगठन के कार्यकर्ताओं तथा पीएसीएल निवेशकों को विधिवत रुप से दी गई।



पीएसीएल निवेशकों के हितों को लेकर बनाए गए संगठन के पहले दिन से लेकर आज तक निस्वार्थ भाव से पीएसीएल निवेशकों के प्रति तन मन धन से समर्पित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज यादव, राष्ट्रीय संयोजक पृथ्वीराज यादव तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेशराम देवांगन की अध्यक्षता सहित समस्त नैशनल टीम,सभी प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश कमेटी एवं स्थानीय जिला ब्लॉक कमेटी की उपस्तिथि में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै श्रीमती बायाबाई आयु 86 वर्ष श्री हरिचंद की पत्नी,निवासी ग्राम छपारा तहसील बरघाट जिला सिवनी मप्र में जन्म से निवासी हूँ शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान देती हूँ- मेरा नाम हीरू पति हरिचंद की पत्नि के नाम से दर्ज है जो गलत है। मेरा सही नाम श्रीमती बायाबाई है,मेरे पति के दस्तावेजों में मेरा नाम बायाबाई दर्ज है मेरे आधार कार्ड संख्या 297741810651 में दर्ज हीरू पति हरिचंद की पत्नी हटा दिया जाए मैं एक ही महिला हूँ अत: मेरे सभी दस्तावेजों सहित आधार कार्ड में बायाबाई पति हरिचंद की पत्नी के रूप में दर्ज किया जाए।

आज से मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमती बायाबाई, श्री हरिचंद की पत्नी के रूप में लिखा और पढ़ा जाना चाहिए।

**गलत नाम**
**हीरू पति हरिचंद**
**सही नाम**
**बायाबाई पति हरिचंद**